प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने के लिए विविध जलवायु का पूर्ण उपयोग करने पर दिया बल।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रव्यापी अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन।
- संघ लोकसेवा आयोग के सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित–958 उम्मीदवार विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित।
- केंद्र सरकार का एकीकृत बागवानी विकास मिशन ऊना जिले के बागवानों को सशक्त करने में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका।
- प्रदेश में मार्च महीने में सामान्य से 6 से 8 डिग्री अधिक पहुंचा तापमान–राज्य के 3 जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट।

<u>प्रधानमंत्री–कृषि वेबिनार</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्पादकता और निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का पूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण परिवर्तन से संबंधित वेबिनार को संबोधित करते हुए देश के कृषि उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उच्च मूल्य की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने वैश्विक मांग में हो रहे बदलाव और भारतीय कृषि क्षेत्र को निर्यात प्रमुख बनाने की आवश्यकता का उल्लेख किया। मोदी ने वैश्विक गुणवत्ता और ब्रांडिंग मानकों को पूरा करने के लिए विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों को शामिल करते हुए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया और स्थानीय किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के महत्व पर बल दिया।

<u>कैबिनेट</u>

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित होगी। बैठक में रोपवे परियोजना परवाणु से तारादेवी को चर्चा के लिए रखा जाएगा। 18 मार्च से विधानसभा बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। सत्र में आने वाले बिलों को भी कैबिनेट मंजूरी के लिए रखा जाएगा। इसके अलावा जो बिल राज्यपाल के पास लंबित पड़े हैं उन्हें दोबारा सदन

में लाने पर विचार हो सकता है। बैठक में विभागों में खाली पदों को भरने, लोक निर्माण, जल शक्ति सहित अन्य कुछ विभागों में कनिष्ठ अभियंताओं के पद भरने का प्रस्ताव भी चर्चा के लिए रखा जाएगा।

**खेल मंत्रालय**

युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रव्यापी अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन किया जाएगा। युवा मामले व खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इस अवसर पर देश भर के 250 स्थानों पर एथलेटिक्स पर केंद्रित आयोजन किए जाएंगे। यह लीग पूर्वोत्तर राज्यों सहित 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित की जाएगी। इस लीग में राज्य सरकारों, जिला प्रशासनों, प्रशिक्षकों और खेल अधिकारियों के सहयोग से कई विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप गांवों और छोटे कस्बों की लड़कियों को खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

**परिणाम**

सिविल सेवा परीक्षा– सीएसई 2025 का अंतिम परिणाम कल घोषित कर दिया गया है। संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने बताया कि 659 पुरुषों और 299 महिलाओं सहित कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। अनुज अग्निहोत्री ने पहला, राजेश्वरी सुवे दूसरा और अकांश ढुल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। 25 मई 2025 को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के लिए 9 लाख 30 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में सफल हुए सभी उम्मीदवारों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके समर्पण, मेहनत और लगन ने उन्हें यह उपलब्धि दिलाई है। प्रधानमंत्री ने नए सफर में राष्ट्र की सेवा और जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**बागवानी मिशन**

केंद्र सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन के माध्यम से देश के बागवानों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे वे अपनी भूमि पर फल, सब्जियां, मसाले, मशरूम और फूलों की खेती को अपना रहे हैं। योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री, नई तकनीकों, और कोल्ड चेन जैसे आधारभूत ढांचे के माध्यम से बागवानी क्षेत्र का समग्र विकास करना है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाद्दाता राजेश शर्मा

*ऊना जिले में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत 4 करोड़ सत्तावन लाख रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी। यह धनराशि फल उत्पादन को बढ़ावा देने, पौध वितरण, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली लगाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अलावा दवाइयां तथा उपकरण उपलब्ध करवाने पर व्यय की जाएगी। योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लिए अट्ठावन लाख रुपये, पॉलीहाउस एवं हाइब्रिड संरचनाओं हेतु 2 करोड़ सैंतीस लाख रुपये, बागवानी उपकरणों की खरीद के लिए 16 लाख रुपये की अनुदान राशि तथा रिफ्रिजरेटेड ट्रांसपोर्ट वाहन के लिए 15 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिस से बागवानों की आय में वृद्धि हो सकेगी ।*

**महिला दिवस कार्यक्रम**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को राज्य स्तरीय समारोह नाहन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस समारोह में प्रदेश से करीब 10 हज़ार महिलाएं भाग लेंगी। सामाजिक न्याय व आधिकारिता विभाग और महिला व बाल विकास निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है।

**फिट इंडिया कार्निवल**

फिट इंडिया कार्निवल का दूसरा संस्करण कल से नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू होगा। इसका आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्निवल मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 64वें फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के समापन के बाद 8, 9 और 10 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस संस्करण में महिला एथलीट, इन्फ्लुएंसर्स और फिटनेस चैंपियन्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह आयोजन फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों, खिलाड़ियों, मशहूर हस्तियों और नागरिकों को एक साथ लाता है।

**क्रिकेट टी–20 विश्व कप**

आई.सी.सी पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में कल शाम भारत और न्यूजीलैंड आमने सामने होंगे। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र  मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। टी–20 मुकाबलों में भारत 18 जीत के साथ न्यूजीलैंड से आगे है, जबकि न्यूजीलैंड ने 11 मुकाबले जीते हैं। न्यूजीलैंड ने भारत के साथ टी–20 विश्व कप के अपने पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है।

**मौसम**

प्रदेश में आज भी मौसम आमतौर पर साफ है। राज्य में मार्च महीने में ही लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश का तापमान सामान्य से 6 से 8 डिग्री तक अधिक दर्ज किया जा रहा है । मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि दो दिन तक तीन जिलों मंडी, कुल्लू और सोलन में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं कुल्लू, चंबा और कांगड़ा के कुछ इलाकों में आज हल्की बारिश की संभावना है।

*बाइट.... संदीप कुमार शर्मा मौसम वैज्ञानिक मौसम विज्ञान केंद्र शिमला.....45’.........................*

वहीं सर्दियों में इस बार बारिश कम होने और सूखे का दौर लंबा होने के चलते जंगलों में आग लगने के दृष्टिगत वन विभाग सतर्क हो गया है। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि वन मंडल धर्मशाला के तहत 61 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में से 40 हजार हेक्टेयर में चीड़ के पेड़ हैं जिसमें आग तेजी से फैलती है। उन्होंने लोगों से अपील कि है कि वनों में आग लगने की सूचना तुरंत वन विभाग को दें और विभाग का सहयोग करें।

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर**

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने संघ लोकसेवा आयोग द्वारा कल घोषित परिणाम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है अनुज अग्निहोत्री टॉपर, शीर्ष–10 में तीन बेटियां, हिमाचल के विकास की 159 वीं रैंक। इस खबर पर दैनिक भास्कर लिखता है कौन बनेगा करोड़पति में 50 लाख रूपए जीतने वाले विकास ने हासिल किया 159 वां रैंक। हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है मुझे 70 हजार करोड़ रूपए मिलते तो आज हिमाचल कर्ज़ मुक्त होता। दिव्य हिमाचल के अनुसार जेल भेजे जाएंगे सारे भ्रष्टाचारी।

दैनिक जागरण के शब्द है कैबिनेट बैठक आज परवाणु–शिमला रोप–वे पर हो सकता है अहम निर्णय। अमर उजाला की एक अन्य खबर है। हिमाचल में अब 75 छात्र संख्या वाले दस कॉलेज ही होंगे मर्ज। मौसम पर पर पंजाब केसरी लिखता है हिमाचल में आज 3 जिलों में लू का अलर्ट 9 से बारिश बर्फबारी।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने के लिए विविध जलवायु का पूर्ण उपयोग करने पर दिया बल।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रव्यापी अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन।
- संघ लोकसेवा आयोग के सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित–958 उम्मीदवार विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित।
- केंद्र सरकार का एकीकृत बागवानी विकास मिशन ऊना जिले के बागवानों को सशक्त करने में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका।
- प्रदेश में मार्च महीने में सामान्य से 6 से 8 डिग्री अधिक पहुंचा तापमान–राज्य के 3 जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट।

......................